R/P/P/2024/II

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

विषय-समाज शास्त्र
**Subject-SOCIOLOGY**
द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक)
Paper II (Optional)
विषय कोड-20
Subject-Code-20

**SET A**

242008313

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 32 — कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु — अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं । प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है । उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें ।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है । ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 1-50) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 51-150) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है । परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों । अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें ।
5. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
6. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है ।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे ।
11. उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.
2. Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.
3. In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.

| | | |
|---|---|---|
| Paper I | General paper | (Q. No. 1-50) |
| Paper II | Question paper on the Subject opted by the examinee | (Q. No. 51-150) |

4. No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.
5. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.
6. Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
7. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.
8. Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.
9. Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.
10. Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.
11. Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.

रफ़ कार्य के लिए जगह

**(SPACE FOR ROUGH WORK)**

51. ब्रोनिस्लॉ मैलिनोवस्की का प्रकार्यवाद निम्नलिखित में से किस श्रेणी का है ?

(A) पारिस्थितिकीय प्रकार्यवाद

(B) शास्त्रीय प्रकार्यवाद

(C) मनोवैज्ञानिक प्रकार्यवाद

(D) सांस्कृतिक प्रकार्यवाद

52. "समाज का वास्तविक अध्ययन संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए।" इस बात पर निम्नलिखित में से किसने बल दिया है ?

(A) रेडक्लिफ ब्राउन

(B) मर्टन

(C) लेवी स्ट्रास

(D) टालकॉट पारसन्स

53. जी.एच. मीड ने अपने प्रतीकात्मक अन्त:क्रियावाद के सिद्धांत में निम्नलिखित अवधारणाओं में से कौनसी एक अवधारणा का प्रयोग नहीं किया है ?

(A) स्व-अन्त:क्रिया

(B) स्व का विकास

(C) प्रतीकात्मक अभिप्राय

(D) स्व का विखण्डन

51. Bronislaw Malinowski's functionalism belongs to which of the following category ?

(A) Ecological functionalism

(B) Classical functionalism

(C) Psychological functionalism

(D) Cultural functionalism

52. "The real study of the society should be done from the structural-functional perspective." Who among the following has emphasized on this ?

(A) Radcliffe Brown

(B) Merton

(C) Levi Strauss

(D) Talcott Parsons

53. Which one of the following concept has not been used by G.H. Mead in his theory of Symbolic Interactionism ?

(A) Self-interaction

(B) Development of self

(C) Symbolic meaning

(D) Fragmentation of self

54. "ज्ञान के समाजशास्त्र का मुख्य सिद्धांत यह है कि विचार के कुछ ऐसे तरीके हैं, जिन्हें तब तक पर्याप्त रूप से नहीं समझा जा सकता, जब तक कि उनके मूल पर चर्चा न की जाए ।" ये शब्द निम्नलिखित में से किसके हैं ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) वेबर

(C) गारफिन्केल

(D) कार्ल मैनहीम

55. निम्नलिखित में से कौनसी एक शुट्ज के 'ज्ञान के भंडार' की विशिष्ट विशेषता **नहीं** है ?

(A) क्रियाओं का उपचार

(B) यह समाजीकरण द्वारा सीखा जाता है

(C) यथार्थ की स्वीकृति

(D) सर्वोच्च वास्तविकता

56. नाट्यशास्त्र के विश्लेषण में इरविंग गॉफमैन ने निम्नलिखित में से किस अवधारणा का उपयोग किया है ?

(A) फ्रन्ट एण्ड बैक मंच

(B) लिटिल एण्ड ग्रेट

(C) नॉर्मल एण्ड एबनॉर्मल

(D) गुड एण्ड बैड

54. "The principle thesis of the sociology of knowledge is that there are modes of thought which cannot be adequately understood as long as their origins are discussed." Of the following whose are these words ?

(A) Karl Marx

(B) Weber

(C) Garfinkel

(D) Karl Mannheim

55. Which one of the following is *not* a characteristic feature of Schutz's 'stock of knowledge' ?

(A) Treatment of actions

(B) It is learned by socialization

(C) Acceptance of reality

(D) Paramount reality

56. Which of the following concept has Erving Goffman used in the analysis of dramaturgy ?

(A) Front and Back stage

(B) Little and Great

(C) Normal and Abnormal

(D) Good and Bad

57. पियरे बोर्दियू के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन पूँजी का एक प्रकार नहीं है ?

(A) आर्थिक पूँजी

(B) राजनैतिक पूँजी

(C) प्रतीकात्मक पूँजी

(D) सामाजिक पूँजी

58. जर्गेन हेबरमास के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन 'सम्पूर्ण ज्ञान' का एक प्रकार नहीं है ?

(A) आनुभविक ज्ञान

(B) काल्पनिक ज्ञान

(C) ऐतिहासिक ज्ञान

(D) विवेचनात्मक ज्ञान

59. माइकल फोकॉल्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन उत्तरसंरचनावाद का आधार है ?

(A) जादू एवं धर्म की शक्ति

(B) सैन्य शक्ति

(C) धन की शक्ति

(D) ज्ञान की शक्ति

60. एन्थॉनी गिडिन्स के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन 'संरचनाकरण सिद्धांत' की एक अभिलाक्षणिक विशेषता नहीं है ?

(A) प्रतिचिन्तन

(B) एजेंट-संरचना द्वैतवाद

(C) संस्कृति एवं व्यक्तित्व

(D) सामाजिक अभ्यास

57. According to Pierre Bourdieu, which of the following is *not* a type of capital ?

(A) Economic capital

(B) Political capital

(C) Symbolic capital

(D) Social capital

58. According to Jurgen Habermas, which one of the following is *not* a type of 'complete knowledge' ?

(A) Empirical knowledge

(B) Speculative knowledge

(C) Historical knowledge

(D) Interpretative knowledge

59. According to Michel Foucault, which one of the following is a basis of poststructuralism ?

(A) Power of magic and religion

(B) Military power

(C) Power of money

(D) Power of knowledge

60. According to Anthony Giddens, which among the following is *not* a characteristic feature of 'Structuration Theory' ?

(A) Reflexivity

(B) Agent-Structure Dualism

(C) Culture and personality

(D) Social practice

61. एक या एक से अधिक चरों को नियंत्रित करके किए जाने वाले शोध को कहा जाता है :

(A) मूल्यांकनपरक शोध

(B) क्रियात्मक शोध

(C) प्रयोगात्मक शोध

(D) शुद्ध या आधारभूत शोध

61. The research conducted by controlling one or more variable is called :

(A) Evaluation research

(B) Action research

(C) Experimental research

(D) Pure or basic research

62. निम्नलिखित में से कौनसे समाज वैज्ञानिक संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक उपागम से संबंधित **नहीं** हैं ?

(A) आर. ब्राउन (B) मैलिनोवस्की

(C) नैडेल (D) मैक्स वेबर

62. Which one of the following social scientists does *not* belong to structural-functional approach ?

(A) R. Brown (B) Malinowski

(C) Nadel (D) Max Weber

63. मध्य-सीमा सिद्धांत के प्रतिपादक कौन थे ?

(A) एच. स्पेन्सर (B) आर.के. मर्टन

(C) एफ. टॉनीज (D) वी. परेटो

63. Who was the propounder of Middle-Range theory ?

(A) H. Spencer (B) R.K. Merton

(C) F. Tonnies (D) V. Pareto

64. निम्नलिखित में से किसने उपकल्पना को परिभाषित किया है कि वह "एक कार्यवाहक विचार जो उपयोगी खोज का आधार बनता है, कार्यवाहक उपकल्पना माना जाता है ?"

(A) गुडे एवं हाट

(B) लुंडबर्ग

(C) पी.वी. यंग

(D) जहोदा एवं कुक

64. Who defined hypothesis as "A provisional idea which becomes the basis for fruitful investigation is known as a working hypothesis" ?

(A) Goode and Hatt

(B) Lundberg

(C) P.V. Young

(D) Jahoda and Cook

65. किस प्रकार के शोध में अनुसंधानकर्ता किसी प्रभाव के आधार पर उसके संभावित कारणों का पता लगाने की कोशिश करता है ?

(A) पैनल सर्वे

(B) ऐतिहासिक अनुसंधान

(C) वैयक्तिक अध्ययन अनुसंधान

(D) कार्योत्तर तथ्य (एक्स-पोस्ट फैक्टो) अनुसंधान

66. 'संचार स्तर एवं राजनीतिक सहभागिता' से संदर्भित प्रोजेक्ट क्लैप किससे संबंधित है ?

(A) एस.सी. दूबे

(B) योगेश अटल

(C) करलिंगर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. 'द प्रेक्टिस ऑफ सोशल रिसर्च' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) एच. ओडम (B) आर. आहूजा

(C) ई. बैबी (D) पी.वी. यंग

65. In which type of researches investigator tries to find out the possible causes on the basis of any effect ?

(A) Panel Survey

(B) Historical Research

(C) Case Study Research

(D) Ex-post Facto Research

66. The study of 'Communication Level and Political Participation', project CLAPP, belongs to ?

(A) S.C. Dubey

(B) Yogesh Atal

(C) Kerlinger

(D) None of the above

67. Who is the author of the book 'The Practice of Social Research' ?

(A) H. Odum (B) R. Ahuja

(C) E. Babbie (D) P.V. Young

68. अध्ययन की किस पद्धति में विशिष्ट तथ्यों से सामान्यीकरण का अनुमान लगाया जाता है या व्यक्तिगत अवलोकनों से निष्कर्ष उद्भासित किए जाते हैं ?

(A) निगमन पद्धति

(B) आगमन पद्धति

(C) ऐतिहासिक पद्धति

(D) तुलनात्मक पद्धति

69. क्षेत्र अनुसंधानकर्ता द्वारा किस युक्ति द्वारा व्यवस्थित रूप से अवलोकनों का अभिलेखीकरण किया जाता है ?

(A) प्रश्नावली

(B) साक्षात्कार अनुसूची

(C) अवलोकन अनुसूची

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. किसने परिभाषित किया कि "वैयक्तिक अध्ययन गुणात्मक विश्लेषण का एक स्वरूप है, जिसमें कि व्यक्ति, परिस्थिति या संस्था का बहुत सावधानी से सम्पूर्ण अवलोकन किया जाता है ?"

(A) एच. ओडम

(B) पी.वी. यंग

(C) बीसेन्ज और बीसेन्ज

(D) गुडे एवं हाट

68. In which method of study, generalizations are inferred from specific facts or conclusions are derived from individual observations ?

(A) Deductive method

(B) Inductive method

(C) Historical method

(D) Comparative method

69. A device used by field researchers to systematically record the observations is called :

(A) Questionnaire

(B) Interview schedule

(C) Observation schedule

(D) None of the above

70. Who defined, "The case study is a form of qualitative analysis involving very careful and complete observation of a person, a situation or an institution ?

(A) H. Odum

(B) P.V. Young

(C) Biesanz and Biesanz

(D) Goode and Hatt

71. निम्नलिखित में से किस समाजशास्त्री ने सामाजिक संरचना को समझाने के लिए यांत्रिक और सावयवी एकता की अवधारणा प्रस्तुत की थी ?

(A) मैक्स वेबर

(B) कार्ल मार्क्स

(C) इमाईल दुर्खीम

(D) हरबर्ट स्पेन्सर

72. पारम्परिक भारतीय समाज में जजमानी व्यवस्था मुख्य रूप से जुड़ी हुई है :

(A) नगरीय शासन से

(B) व्यावसायिक अन्योन्याश्रयता से

(C) धार्मिक अनुष्ठानों से

(D) शैक्षणिक संस्थानों से

73. 'ग्लास सीलिंग' शब्द का अर्थ है :

(A) एक वास्तुशिल्पीय विशेषता

(B) महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों को कार्यस्थल में आगे बढ़ने में आने वाली अदृश्य बाधाएँ

(C) एक पारदर्शी संगठनात्मक संरचना

(D) सभी लिंगों के लिए समान अवसर

71. Which of the following sociologists introduced mechanical and organic solidarity concept to explain social structure ?

(A) Max Weber

(B) Karl Marx

(C) Emile Durkheim

(D) Herbert Spencer

72. The Jajmani System in traditional Indian society is primarily associated with :

(A) Urban governance

(B) Occupational interdependence

(C) Religious rituals

(D) Educational institutions

73. The term 'glass ceiling' refers to :

(A) An architectural feature

(B) The invisible barriers preventing women and marginal class in their growth at workplace

(C) A transparent organizational structure

(D) Equal opportunities for all genders

74. वह कानून जो लिखित संहिताओं की जगह प्रथाओं व न्यायिक निर्णयों से प्राप्त होता है, जाना जाता है :

(A) सामान्य कानून

(B) सिविल कानून

(C) वैधानिक कानून

(D) क्रिमिनल कानून

75. निम्नलिखित में से कौनसी पूँजीवादी अर्थव्यवस्था/समाज की एक विशेषता है ?

(A) संसाधनों का सामूहिक स्वामित्व

(B) आर्थिक गतिविधियों की केन्द्रीय योजना

(C) मुक्त बाजार प्रतिस्पर्धा

(D) निजी सम्पत्ति का अभाव

76. निम्नलिखित में से कौनसी नौकरशाही की एक विशेषता नहीं है ?

(A) लिखित दस्तावेज

(B) औपचारिक संगठन

(C) निश्चित नियम

(D) लचीलापन

74. The law derived from customs and judicial decisions rather than written codes is known as :

(A) Common law

(B) Civil law

(C) Statutory law

(D) Criminal law

75. Which of the following is a characteristic of a capitalist society/economy ?

(A) Collective ownership of resources

(B) Central planning of economic activities

(C) Free market competition

(D) Absence of private property

76. Which of the following is *not* a characteristic of bureaucracy ?

(A) Written documents

(B) Formal organisation

(C) Well-defined rules

(D) Flexibility

77. नृजातीयता की अवधारणा को अच्छे से वर्णित किया है :

(A) अपने स्वयं के जातीय समूह की श्रेष्ठता में विश्वास

(B) बहुसंस्कृतिवाद को बढ़ावा देना

(C) विभिन्न संस्कृतियों का अध्ययन

(D) जातीय समानता का समर्थन

78. कल्याणकारी राज्य की अवधारणा निम्नलिखित में से किस विशेषता से जुड़ी है ?

(A) अर्थव्यवस्था में राज्य का न्यूनतम हस्तक्षेप

(B) सामाजिक सुरक्षा और कल्याण के लिए राज्य की जिम्मेदारी

(C) सत्तावादी शासन

(D) सार्वजनिक सेवाओं का पूर्ण निजीकरण

79. निम्नलिखित में से किसके अनुसार, सत्ता उन लोगों के हाथों में केन्द्रित होती है, जिनके पास समाज के भीतर आर्थिक नियंत्रण होता है ?

(A) मर्टन (B) क्रिडल

(C) मार्क्स (D) एम. थैचर

80. समाजशास्त्र में 'आधुनिकीकरण' का अर्थ है :

(A) सभी परम्पराओं का त्याग

(B) शहरी केन्द्रों का पतन

(C) धार्मिक कट्टरवाद में वृद्धि

(D) आर्थिक विकास की दिशा में सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया

77. The concept of Ethnocentrism is best described as :

(A) Belief in the superiority of one's own ethnic group

(B) The promotion of multiculturalism

(C) Study of different cultures

(D) The advocacy for ethnic equality

78. The concept of Welfare State is associated with which of the following characteristics ?

(A) Minimal intervention of the state in the economy

(B) State responsibility for social security and welfare

(C) Authoritarian governance

(D) Complete privatisation of public services

79. According to whom power is concentrated in the hands of those who have economic control within the society ?

(A) Merton (B) Criddle

(C) Marx (D) M. Thatcher

80. The term 'Modernisation' in society refers to :

(A) The abandonment of all traditions

(B) The decline of urban centers

(C) The increase in religious fundamentalism

(D) The process of social change towards economic development

81. 'कास्ट एण्ड रेस इन इंडिया' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) जी.एस. घुरिये

(B) एम.एन. श्रीनिवास

(C) टी.बी. पांडियन

(D) मैकाईवर एवं पेज

82. परम्परागत भारतीय 'ग्रामीण समुदायों' एवं 'कृषक सामाजिक संरचनाओं' को निम्नांकित में से किस ढाँचे के भीतर संगठित किया गया ?

(A) औद्योगिक व्यवस्था

(B) जजमानी व्यवस्था

(C) नगरीय व्यवस्था

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त भारत में निम्नांकित में से कौनसे कदम भूमि सुधारों के संबंध में उठाए गए ?

(A) मध्यस्थों का उन्मूलन

(B) पट्टेदारी में सुधार

(C) भूमिजोत का सीमा निर्धारण

(D) उपर्युक्त सभी

81. Who is the author of the book 'Caste and Race in India' ?

(A) G.S. Ghurye

(B) M.N. Srinivas

(C) T.B. Pandian

(D) MacIver and Page

82. The traditional Indian 'rural communities' and the 'agrarian social structures' were organised within the framework of :

(A) Industrial system

(B) Jajmani system

(C) Urban system

(D) None of the above

83. Which of the following steps were taken with regards to land reforms after independence in India ?

(A) Abolition of intermediaries

(B) Tenancy reforms

(C) Ceiling on land holdings

(D) All of the above

84. निम्नांकित में से कौनसा कृषि संबंधी संकट आजीविका की तलाश में नगरों में प्रवसन का एक कारण नहीं है ?

(A) सूखाग्रस्त भूमि

(B) रेगिस्तान

(C) बाढ़ प्रभावित क्षेत्र

(D) स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

85. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची I (किसान आन्दोलन) | | सूची II (स्थान) | |
|---|---|---|---|
| (a) | चम्पारन सत्याग्रह | (i) | मालाबार |
| (b) | मोपलाह विद्रोह | (ii) | आंध्र प्रदेश |
| (c) | तेलंगाना का किसान विद्रोह | (iii) | बंगाल |
| (d) | तेभागा आंदोलन | (iv) | बिहार |

कूट :

(A) (a)-(i) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)-(ii)

(B) (a)-(ii) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)-(i)

(C) (a)-(i) (b)-(ii) (c)-(iii) (d)-(iv)

(D) (a)-(iv) (b)-(i) (c)-(ii) (d)-(iii)

84. Which of the following agrarian crisis was *not* a reason of migration to urban areas in search of livelihood ?

(A) Drought-prone land

(B) Desert

(C) Flood affected areas

(D) Absence of health facilities

85. Match List I with List II :

| List I (Peasant Movement) | | List II (Place) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Champaran Satyagrah | (i) | Malabar |
| (b) | Moplah rebellion | (ii) | Andhra Pradesh |
| (c) | Peasant revolt in Telangana | (iii) | Bengal |
| (d) | Tebhaga Movement | (iv) | Bihar |

**Codes :**

(A) (a)-(i) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)-(ii)

(B) (a)-(ii) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)-(i)

(C) (a)-(i) (b)-(ii) (c)-(iii) (d)-(iv)

(D) (a)-(iv) (b)-(i) (c)-(ii) (d)-(iii)

86. लुईस वर्थ के अनुसार निम्नांकित में से कौनसी नगरीयता की एक विशेषता **नहीं** है ?

(A) अस्थिरता या अल्पकालीनता

(B) जीवन की धीमी गति

(C) दिखावा या कृत्रिमता

(D) अपरिचितता

87. 1961 की जनगणना के अनुसार एक 'कस्बे' की न्यूनतम जनसंख्या कितनी होनी चाहिए ?

(A) 10,000 (B) 5,000

(C) 8,000 (D) 6,000

88. गेटेड आवासीय परिसरों (समुदायों) में किस आय वर्ग के लोग रहने को प्राथमिकता देते हैं ?

(A) निम्न आय वर्ग

(B) उच्च आय वर्ग

(C) मध्यम आय वर्ग

(D) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग

89. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के कस्बों में सबसे अधिक मलिन बस्तियाँ (स्लम) किस प्रदेश में दर्ज की गईं ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) बिहार

(C) मध्य प्रदेश

(D) महाराष्ट्र

86. Which of the following is *not* a characteristic of urbanism according to Louis Worth ?

(A) Transiency

(B) Slow pace of life

(C) Superficiality

(D) Anonymity

87. What should be the minimum population of a 'town' according to the definition given in 1961 census ?

(A) 10,000 (B) 5,000

(C) 8,000 (D) 6,000

88. Which income group people prefer Gated Communities ?

(A) Lower income groups

(B) Higher income groups

(C) Middle income groups

(D) Economically weaker sections

89. According to the 2011 census which state has the highest number of slums among Indian towns ?

(A) Uttar Pradesh

(B) Bihar

(C) Madhya Pradesh

(D) Maharashtra

90. पेट्रिक गेडेस ने नगर विकास के कितने स्तर बताए हैं ?

(A) 2
(B) 4
(C) 6
(D) 8

91. तेभागा, तेलंगाना, नक्सली और भूमि-कब्जा जैसे महत्त्वपूर्ण आंदोलन किसके द्वारा उभरे हैं ?

(A) साम्यवादी विचारधारा
(B) राष्ट्रवादी विचारधारा
(C) उदारवाद
(D) समाजवाद

92. किसके अनुसार किसी भी प्रकार के सामूहिक व्यवहार की घटना चाहे वह दहशत, दंगे, सुधार या क्रांतिकारी आंदोलन हो संरचनात्मक दबाव के कारण घटित होती है ?

(A) जॉर्ज मीड
(B) नील जे. स्मेल्सर
(C) इमाईल दुर्खीम
(D) रॉबर्ट ई. पार्क

93. "समाज एक नैतिक घटना है। यह व्यक्ति को घेरने वाले नैतिक परिवेश से अधिक कुछ नहीं है।" किसने कहा ?

(A) एम. वेबर
(B) आर. मर्टन
(C) ई. दुर्खीम
(D) एम.एन. श्रीनिवास

90. How many stages of Urban Development have been described by Pattrick Geddes ?

(A) 2
(B) 4
(C) 6
(D) 8

91. Significant movements such as Tebhaga, Telangana, Naxalite and Land-grab have emerged on the basis of :

(A) Communist ideology
(B) Nationalist ideology
(C) Liberalism
(D) Socialism

92. According to whom, an incident of any type of collective behaviour, whether panics, riots, reform or revolutionary movements, occurs due to structural strain ?

(A) George Mead
(B) Neil J. Smelser
(C) Emile Durkheim
(D) Robert E. Park

93. "Society is a moral phenomenon. It is nothing more than the moral milieu that surrounds the individual." Who said ?

(A) M. Weber
(B) R. Merton
(C) E. Durkheim
(D) M.N. Srinivas

94. कोहेन और अराटो ने नागरिक समाज को..............के रूप में संदर्भित किया है ।

(A) पहला दायरा (B) दूसरा दायरा

(C) तीसरा दायरा (D) चौथा दायरा

95. भूमि ज़ोत आकार के आधार पर कृषकों का वर्गीकरण किसने किया है ?

(A) डेनियल थॉर्नर

(B) आन्द्रे बेताई

(C) डेविड हार्डीमेन

(D) रॉबिन जेफरी

96. नारीवादी पर्यावरणवाद का सिद्धांत किससे जुड़ा हुआ है ?

(A) बीना अग्रवाल

(B) वृंदा करात

(C) श्वेता प्रसाद

(D) लीला दुबे

97. निम्नलिखित में से कौन अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के प्रथम सत्र की अध्यक्ष रहीं ?

(A) महारानी चिमनाबाई गायकवाड़

(B) ऐनी बेसेंट

(C) अरुणा आसफ अली

(D) सरोजिनी नायडू

94. Cohen and Arato refer to civil society as............... .

(A) First realm (B) Second realm

(C) Third realm (D) Fourth realm

95. Who has classified peasants on the basis of size of land holding ?

(A) Daniel Thorner

(B) Andre Beteille

(C) David Hardiman

(D) Robin Jefferey

96. The theoretical perspective of 'feminist environmentalism' is associated with :

(A) Bina Agarwal

(B) Vrinda Karat

(C) Shweta Prasad

(D) Leela Dubey

97. Who among the following was the President of the first session of the All India Women's Congress ?

(A) Maharani Chimnabai Gaekwad

(B) Annie Besant

(C) Aruna Asaf Ali

(D) Sarojini Naidu

98. ..................भारत सरकार की एक पहल है, जो ग्रामीण भारत में किसानों तक कृषि विस्तार और अन्य जानकारी पहुँचाती है ।

(A) ई-सेवा

(B) ई-चौपाल

(C) जेम

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. ................is an initiative by the Government of India, that brings agricultural extension and other information to farmers in rural India.

(A) e-Seva

(B) e-Choupal

(C) Gem

(D) None of the above

99. भूदान, ग्रामदान आंदोलन का अध्ययन किस समाजशास्त्री ने किया है ?

(A) मैक्स वेबर

(B) टी.के. ओमेन

(C) एम.एस. राव

(D) उपर्युक्त सभी गलत हैं

99. Which sociologist has studied the Bhoodan, Gramdan movement ?

(A) Max Weber

(B) T.K. Oommen

(C) M.S. Rao

(D) All of the above are wrong

100. किसने किसान आंदोलन को 'किसान संघर्ष' और 'कृषि संघर्ष' में वर्गीकृत किया है ?

(A) ए.आर. देसाई

(B) एम.एस.ए. राव

(C) आर. गुहा

(D) जी.एस. घुर्ये

100. Who has classified the peasant movement into 'peasant struggle' and 'agrarian struggle' ?

(A) A.R. Desai

(B) M.S.A. Rao

(C) R. Guha

(D) G.S. Ghurye

101. निम्नलिखित में से कौनसा बाजार का प्राथमिक कार्य है ?

(A) धन का पुनर्वितरण

(B) केन्द्रीकृत नियोजन

(C) आपूर्ति और माँग के माध्यम से संसाधनों का आवंटन

(D) सरकारी विनियमन

102. कार्ल मार्क्स के अनुसार, समाज में आर्थिक आधार का मुख्य तत्व है :

(A) धर्म

(B) उत्पादन की विधि

(C) राजनीतिक संस्थाएँ

(D) विचारधारा

103. आधुनिक पूँजीवादी समाजों में, सम्पत्ति के अधिकार मुख्य रूप से किसके द्वारा लागू किए जाते हैं ?

(A) सामुदायिक सहमति

(B) धार्मिक संस्थाएँ

(C) सरकारी कानून

(D) पारम्परिक रीति-रिवाज

101. Which of the following is a primary function of the market ?

(A) Redistribution of wealth

(B) Centralised planning

(C) Allocation of resources through supply and demand

(D) Government regulation

102. According to Karl Marx, the key element of the economic base in a society is :

(A) Religion

(B) Mode of production

(C) Political institutions

(D) Ideology

103. In modern capitalist societies, property rights are primarily enforced by :

(A) Community consensus

(B) Religious institutions

(C) Government laws

(D) Traditional customs

104. एक कल्याणकारी राज्य की सबसे प्रमुख विशेषता क्या है ?

(A) सामाजिक सेवाओं का निजीकरण

(B) लोक सेवाओं का प्रावधान, यथा स्वास्थ्य रक्षा व शिक्षा

(C) सभी सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं का उन्मूलन

(D) निजी लाभ का वृद्धिकरण

104. What is the most important feature of a Welfare State ?

(A) Privatisation of social services

(B) Provision of public services like healthcare and education

(C) Elimination of all social welfare programmes

(D) Optimization of private profit

105. 'द गिफ्ट' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) मारसेल मॉस

(B) थॉमस ट्रोटमान

(C) कार्ल पोलानी

(D) एडम स्मिथ

105. Who is the author of the book 'The Gift' ?

(A) Marcel Mauss

(B) Thomas Trautmann

(C) Karl Polanyi

(D) Adam Smith

106. भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के कितने मार्ग हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

106. How many routes are there for Foreign Direct Investment (FDI) in India ?

(A) One (B) Two

(C) Three (D) Four

107. 'सम्पोषित विकास' की अवधारणा जोर देती है :

(A) पर्यावरण की चिंता किए बिना तेजी से औद्योगीकरण पर

(B) भविष्य की पीढ़ियों से समझौता किए बगैर वर्तमान आवश्यकताओं का पूरा किया जाने पर

(C) आर्थिक वृद्धि पर

(D) जनसंख्या वृद्धि को कम करने पर

108. निम्नलिखित सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए :

| | सूची I (लेखक) | | सूची II (पुस्तक) |
|---|---|---|---|
| (i) | एन ओकले | (M) | द सेकंड इंडस्ट्रियल डिवाइड : पॉसिबिलिटीज एण्ड प्रोस्पेरिटी |
| (ii) | थॉमस पिकेटी | (N) | द बॉर्डरलेस वर्ल्ड : पावर एंड स्ट्रेटजी इन इंटरलिंक्ड इकोनॉमी |
| (iii) | एम.जे. पियोरे व सी.एफ. सेबेल | (O) | द सोशियोलॉजी ऑफ हाउसवर्क |
| (iv) | के. ओहमाए | (P) | कैपिटल इन द टवेंटी फर्स्ट सेंचुरी |

(A) (i)-N, (ii)-M, (iii)-O, (iv)-P

(B) (i)-P, (ii)-O, (iii)-N, (iv)-M

(C) (i)-O, (ii)-P, (iii)-M, (iv)-N

(D) (i)-M, (ii)-N, (iii)-P, (iv)-O

109. निम्नलिखित में से कौनसा पर्यटन उद्योग का प्रमुख घटक है ?

(A) विनिर्माण

(B) आतिथ्य सेवाएँ

(C) कृषि

(D) खनन

107. The concept of 'Sustainable Development' emphasizes on :

(A) Rapid industrialisation without concern for the environment

(B) Development that meets the needs of the present without compromising future

(C) Economic growth

(D) Reducing population growth

108. Match the List I with List II :

| | List I (Author) | | List II (Book) |
|---|---|---|---|
| (i) | Ann Oakley | (M) | The Second Industriral Divide : Possibilities and Prosperity |
| (ii) | Thomas Piketty | (N) | The Borderless World : Power and Strategy in Interlinked Economy |
| (iii) | M.J. Piore and C.F. Sabel | (O) | The Sociology of Housework |
| (iv) | K. Ohmae | (P) | Capital in the Twenty First Century |

(A) (i)-N, (ii)-M, (iii)-O, (iv)-P

(B) (i)-P, (ii)-O, (iii)-N, (iv)-M

(C) (i)-O, (ii)-P, (iii)-M, (iv)-N

(D) (i)-M, (ii)-N, (iii)-P, (iv)-O

109. Which of the following is a key component of the tourism industry ?

(A) Manufacturing

(B) Hospitality services

(C) Agriculture

(D) Mining

110. 'सापेक्ष निर्धनता' को परिभाषित किया जाता है :

(A) जीवन निर्वहन के लिए आवश्यक संसाधनों का पूर्ण अभाव

(B) वित्तीय अस्थिरता की एक अस्थायी स्थिति

(C) सम्पूर्ण आय के आधार पर मापी गयी गरीबी

(D) किसी विशिष्ट समाज में दूसरों की तुलना में गरीब होना

110. 'Relative poverty' is defined as :

(A) The complete lack of resources necessary for survival

(B) A temporary state of financial instability

(C) Poverty measured by the absolute amount of income

(D) Being poor compared to others in a specific society

111. सांस्कृतिक पारिस्थितिकी के संस्थापक कौन थे ?

(A) फिकेट बर्क्स (B) जूलियन स्टेवार्ड

(C) केटी मूरे (D) स्पेन्सर

111. Who was the founder of cultural ecology ?

(A) Fiket Berks (B) Julian Steward

(C) Katie Moore (D) Spencer

112. निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने 'इश्यू अटेंशन साइकिल' की अवधारणा दी है, जो पर्यावरणीय समस्याओं में लोगों की अभिरुचि से संबंधित है ?

(A) पी.एच. लैंडिस

(B) जूलियन स्टेवार्ड

(C) एन्थोनी डाउन्स

(D) चार्ल्स कूली

112. Who has given the concept of 'Issue Attention Cycle' regarding people's interest towards environmental problems ?

(A) P.H. Landis

(B) Julian Steward

(C) Anthony Downs

(D) Charles Cooley

113. नगरों के जन्म तथा यातायात के साधनों में संबंध पर आधारित सिद्धांत 'थ्योरी ऑफ ट्रांसपोर्टेशन' किसने दिया था ?

(A) हंटिंग्टन

(B) चार्ल्स कूली

(C) रेडक्लिफ ब्राउन

(D) रूथ बेनेडिक्ट

114. निम्नलिखित में से कौन 'द ओरिजिन ऑफ स्पेसीज' पुस्तक के लेखक हैं ?

(A) डार्विन (B) कार्ल मार्क्स

(C) मर्टन (D) दुर्खीम

115. स्वतंत्र भारत की प्रथम वन नीति किस वर्ष में घोषित की गई थी ?

(A) 1951

(B) 1952

(C) 1978

(D) 1988

113. Who has given the 'theory of transportation' in terms of relationship between the emergence of cities and transportation ?

(A) Huntington

(B) Charles Cooley

(C) Radcliffe Brown

(D) Ruth Benedict

114. Who among the following is the writer of the book 'The Origin of Species' ?

(A) Darwin (B) Karl Marx

(C) Merton (D) Durkheim

115. In which year was the first forest policy of independent India declared ?

(A) 1951

(B) 1952

(C) 1978

(D) 1988

116. पानी के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूदा सामाजिक बहिष्करण को सामाजिक समावेशी बनाने हेतु सरकार को क्या कदम उठाना चाहिए ?

(A) पानी के अधिकार को मौलिक अधिकार के अन्तर्गत लाना चाहिए

(B) ग्राम समिति को ग्रामीणों से बातचीत के द्वारा हल निकालना चाहिए

(C) स्वैच्छिक संगठनों को सामाजिक समावेशी गाँव बनाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए

(D) बहिष्कृत लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाना चाहिए

117. किस वर्ष में 'विश्व का पहला जलवायु सम्मेलन' आयोजित हुआ था ?

(A) 1959 (B) 1969

(C) 1979 (D) 1989

116. What steps should be taken by the government to convert the existing social exclusion into social inclusion in terms of water in rural areas ?

(A) Right to water should come under fundamental rights

(B) Village association should draw solution through discussion with villagers

(C) NGO's should take responsibility of social inclusion

(D) To be made economically empowered to all excluded people

117. In which year was the 'The first climate conference of the world' held ?

(A) 1959 (B) 1969

(C) 1979 (D) 1989

118. 'पृथ्वी सम्मेलन, 1992' किस देश में आयोजित हुआ था ?

(A) चीन
(B) भारत
(C) इंडोनेशिया
(D) ब्राजील

118. In which country was 'Earth Summit, 1992' held ?

(A) China
(B) India
(C) Indonesia
(D) Brazil

119. जनस्वास्थ्य के मुद्दे जैसे हैजा, दस्त एवं टॉयफाइड जैसे रोगों के लिए निम्नलिखित में से कौनसा पर्यावरणीय कारक जिम्मेदार है ?

(A) प्रव्रजन
(B) नगरीकरण
(C) औद्योगीकरण
(D) स्वच्छ जल और स्वच्छता की सीमित उपलब्धता

119. Which of the following environmental factor is responsible for public health issues like cholera, diarrhoea and typhoid ?

(A) Migration
(B) Urbanisation
(C) Industrialisation
(D) Limited access of clean water and sanitation

120. किस दशक को 'प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण अंतर्राष्ट्रीय दशक' के लिए जाना जाता है ?

(A) 1990–2000
(B) 2000–2010
(C) 2010–2011
(D) 2011–2021

120. Which decade is considered as an 'International Decade of Reduction in Natural Disaster' ?

(A) 1990-2000
(B) 2000-2010
(C) 2010-2011
(D) 2011-2021

121. 'सोशल एंथ्रोपोलॉजी' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) इवांस प्रिचर्ड

(B) ए.एम. शाह

(C) लुई ड्युमॉन्ट

(D) ए.आर. रेडक्लिफ ब्राउन

122. इरावती कर्वे ने अपने कार्य 'किनशिप ऑर्गेनाइजेशन इन इंडिया' में निम्नलिखित विविधताओं को सामने लाने के लिए भाषाई क्षेत्रों के आधार पर भारत में नातेदारी पैटर्न का मानचित्रण किया :

(i) उत्तरी क्षेत्र में भारत-यूरोपीय या सांस्कृतिक संगठन

(ii) दक्षिणी क्षेत्र में द्रविड़ नातेदारी

(iii) भारत के उत्तर-पूर्व में मंगोलॉयड नातेदारी प्रणाली

(iv) पूर्व में मुंडारी नातेदारी प्रणाली

**सही** कथनों को चिह्नित कीजिए :

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)

(B) (i), (ii) और (iii)

(C) (i), (ii) और (iv)

(D) (i), और (iii)

121. Who is the author of the book 'Social Anthropology' ?

(A) Evans Pritchard

(B) A.M. Shah

(C) Louis Dumont

(D) A.R. Radcliffe Brown

122. Iravati Karve in her work 'Kinship Organisation in India' mapped the kinship patterns in India on to linguistic zones to come up with the following variations :

(i) Indo-European or Sanskritic organisation in the northern zone

(ii) Dravidian kinship in the southern zone

(iii) Mongoloid kinship system in the north-east of India

(iv) Mundari kinship system in the east

Mark the *correct* statements :

(A) (i), (ii), (iii) and (iv)

(B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iv)

(D) (i) and (iii)

123. राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना कौनसे वर्ष में हुई ?

(A) 1982 (B) 1992

(C) 2002 (D) 2005

124. नेतोलोकल निवास किसे कहते हैं ?

(A) शादी के बाद एक जोड़ा जब एक साथ नहीं रहते हैं, लेकिन अपने परिवार के साथ रहते हैं । पति आम-तौर पर रात में पत्नी से मिलने जाते हैं और सूर्योदय से पहले पत्नी का स्थान छोड़ देते हैं ।

(B) जब नवविवाहित जोड़ा दूल्हे के पिता के घर पर निवास करता है ।

(C) जब एक नवविवाहित जोड़े के पास पति या पत्नी में से किसी एक के रिश्तेदारों के साथ रहने का विकल्प होता है ।

(D) जब नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद दुल्हन के परिवार के साथ निवास करता है ।

125. दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की कौनसी धारा दहेज शब्द को परिभाषित करती है ?

(A) धारा 1 (B) धारा 2

(C) धारा 3 (D) धारा 4

123. In which year was the National Commission for Women established ?

(A) 1982 (B) 1992

(C) 2002 (D) 2005

124. What does Natolocal Residence mean ?

(A) A couple after marriage when they do not reside together, but stays with their family of orientation. The husband generally uses to visit the wife at night and leaves her place before sunrise.

(B) When the newly married couple takes up residence in the groom's father's house.

(C) When a newly married couple has the choice of living with the relatives of either the spouse (the husband or the wife).

(D) When the newly married couple takes up residence with the bride's family after marriage.

125. Which Section of the Dowry Prohibition Act, 1961 defines the term dowry ?

(A) Section 1 (B) Section 2

(C) Section 3 (D) Section 4

126. निम्नलिखित में से किस जनजाति में मातृसत्तात्मक समाज है ?

(A) बोडो (B) बैगा

(C) उराँव (D) गारो

127. मिताक्षरा के बारे में **सही** कथनों को चिह्नित कीजिए :

(i) प्राथमिक एवं मूल रूप से मिताक्षरा प्रणाली केवल पुरुष सदस्यों को व्यवसाय में कोपारसेनर (सह-वारिस) बनने की अनुमति देती है ।

(ii) मिताक्षरा याज्ञवल्क्य स्मृति पर कानूनी टिप्पणी है, जो 'जन्म से विरासत' के सिद्धांत के लिए जानी जाती है ।

(iii) यह पश्चिम बंगाल और असम जैसे प्रदेशों को छोड़कर पूरे भारत में प्रचलित है ।

(iv) हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 के अनुसार बेटी को भी सम्पत्ति में से समान हिस्सा आवंटित किया जाता है, जैसा पुत्र को आवंटित किया जाता है ।

(A) केवल (i)

(B) (i) और (ii)

(C) (i), (ii) और (iii)

(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

126. Which of the following tribe have a matrilineal society ?

(A) Bodo (B) Baiga

(C) Oraon (D) Garo

127. Mark the *correct* statements about Mitakshara :

(i) The original Mitakshara system allows only the male members to be the coparceners in the business.

(ii) The Mitakshara is a legal commentary on the Yajnavalkya Smriti best known for its theory of 'inheritance by birth'.

(iii) It prevails all over India except in places like West Bengal and Assam.

(iv) According to the Hindu Succession (Amendment) Act, 2005, the daughter is allotted the same share as is allotted to a son.

(A) (i) Only

(B) (i) and (ii)

(C) (i), (ii) and (iii)

(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

128. मानव संसाधन विकास मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग ने किस वर्ष में 'महिला सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय नीति' तैयार की ?

(A) 1993
(B) 1999
(C) 2001
(D) 2005

129. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत इनमें क्या शामिल है ?

(i) घरेलू हिंसा (वास्तविक), दुर्व्यवहार या दुर्व्यवहार की धमकी, चाहे वह शारीरिक, यौन, मौखिक, भावनात्मक या आर्थिक हो सकती है ।

(ii) अधिनियम का उद्देश्य पत्नी या महिला लिव-इन पार्टनर को पति या पुरुष लिव-इन पार्टनर या उसके संबंधियों द्वारा हिंसा से सुरक्षा प्रदान करना है ।

(iii) अधिनियम की धारा 8 के अनुसार प्रत्येक जिले में संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति और उन्हें कामकाज आरम्भ करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचा प्रदान करना ।

(iv) संरक्षण अधिकारी राज्य कानूनी सहायता सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति को कानूनी सहायता प्रदान करेंगे ।

**सही** कथनों को चिह्नित कीजिए :

(A) केवल (i)
(B) (ii), (iii) और (iv)
(C) (ii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

128. The Department of Women and Child Development of the Ministry of Human Resource Development prepared a 'National Policy for Empowerment of Women' in the year :

(A) 1993
(B) 1999
(C) 2001
(D) 2005

129. Domestic violence under the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 includes :

(i) Actual abuse or threat of abuse, whether physical, sexual, verbal, emotional or economic.

(ii) The Act is aimed at providing protection to wife or female live-in partner from violence at the hands of the husband or male live-in partner or his relatives.

(iii) Appointment of Protection Officers in each district as per Section 8 of the Act and provide necessary infrastructure to enable them to start functioning.

(iv) Protection Officers to provide legal aid to the aggrieved person through the State Legal Aid Services Authority.

Mark the *correct* statements :

(A) Only (i)
(B) (ii), (iii) and (iv)
(C) (ii) and (iv)
(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

130. बहुपति (पॉलीएन्ड्रस) परिवार में कौन-कौन सम्मिलित हैं ?

(A) एक पति, उसकी सभी पत्नियाँ और बच्चे

(B) एक पत्नी, उसके सभी पति और बच्चे

(C) एक पति, एक पत्नी और उनके बच्चे

(D) एक या अधिक पति, एक या अधिक पत्नियाँ और उनके बच्चे

131. लेसर (Laser) (एक आधुनिक प्रौद्योगिकी) का पूर्ण रूप है :

(A) Light Amplification by Stimulated Emission of Radiation

(B) Light Accuracy by Stimulated Emission of Radiation

(C) Local Amplification by Stimulated Emission of Radiation

(D) Local Accuracy by Stimulated Emission of Radiation

130. Polyandrous family comprises of :

(A) A husband, all his wives and children

(B) A wife, all her husbands and children

(C) A husband, a wife and their children

(D) One or more husbands, one or more wives and their children

131. The full form of LASER (a modern technology) is :

(A) Light Amplification by Stimulated Emission of Radiation

(B) Light Accuracy by Stimulated Emission of Radiation

(C) Local Amplification by Stimulated Emission of Radiation

(D) Local Accuracy by Stimulated Emission of Radiation

132. निम्नलिखित में से किस लेखक का मत है कि 'टाइम-स्पेस कॉम्प्रेशन' प्रक्रिया के द्वारा विश्व परिवर्तित हो गया है ?

(A) पेज (B) हैरिस

(C) मैक ग्रे (D) हार्वे

133. निम्नलिखित में से किस विद्वान ने 'प्रवाह के स्थान' की चर्चा की है ?

(A) हैमिल्टन गार्डन

(B) थॉमसन

(C) मैनुअल कैस्टेल्स

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

134. व्यक्तियों का ऐसा समूह जो सामाजिक, व्यावसायिक, शैक्षिक या अन्य उद्देश्यों हेतु आमने-सामने की तुलना में प्रमुख रूप से न्यूजलेटर, टेलीफोन, ई-मेल या तत्क्षण संदेश जैसे संचार माध्यमों द्वारा अन्तर्क्रिया करते हैं, कहा जाता है :

(A) गेटेड समुदाय

(B) नगरीय समुदाय

(C) ग्रामीण समुदाय

(D) आभासी समुदाय

135. निम्नलिखित में से कौन मुद्रित मीडिया का एक उदाहरण **नहीं** है ?

(A) समाचार-पत्र (B) मैगजीन

(C) इंस्टाग्राम (D) हैन्डबिल्स

132. Which of the following author believes that the world has been changed through a process of 'time-space compression' ?

(A) Page (B) Harris

(C) McGrew (D) Harvey

133. Which of the following scholar talks about 'space of flows' ?

(A) Hamilton Garden

(B) Thompson

(C) Manuel Castells

(D) None of the above

134. A group of people that primarily interact via communication media such as newsletters, telephone, e-Mail or instant messages rather than face-to-face for social, professional, educational or other purposes is known as :

(A) Gated community

(B) Urban community

(C) Rural community

(D) Virtual community

135. Which of the following is *not* an example of print media ?

(A) Newspapers (B) Magazines

(C) Instagram (D) Handbills

136. निम्नलिखित में से कौन ई-अभिशासन का एक अंग नहीं है ?

(A) सरकार-नागरिक अंतरापृष्ठ

(B) सरकार-व्यवसाय अंतरापृष्ठ

(C) सरकार-समाज अंतरापृष्ठ

(D) स्त्री एवं पुरुष के मध्य अंतरापृष्ठ

137. आई.टी. अधिनियम, 2000 की निम्नलिखित में से कौनसी धारा साइबर आतंकवाद हेतु सजा से संबंधित है ?

(A) 45(F) (B) 66(B)

(C) 66(F) (D) 67(B)

138. समाज में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के असंतुलित वितरण या अन्तर को विवेचित करने वाले पद को कहा जाता है :

(A) डिजिटल साक्षरता

(B) डिजिटल डिवाइड

(C) डिजिटल मिशन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

139. निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा ई-हेल्थ को स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्रों एवं जनस्वास्थ्य को सहायता देने हेतु सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग करने वाले पद के रूप में उपयोग किया गया है ?

(A) आई.एल.ओ.

(B) यू.एन.आई.सी.ई.एफ.

(C) डब्ल्यू.एच.ओ.

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

136. Which of the following is *not* a component of e-Governance ?

(A) Government-citizen interface

(B) Government-business interface

(C) Government-society interface

(D) Interface between men and women

137. Which of the following Section of the IT Act, 2000 deals with punishment for cyber terrorism ?

(A) 45(F) (B) 66(B)

(C) 66(F) (D) 67(B)

138. The term that describes the uneven distribution or gap of Information and Communication Technologies (ICTs) in the society is known as :

(A) Digital Literacy

(B) Digital Divide

(C) Digital Mission

(D) None of the above

139. Which of the following organization used the term e-Health to describe the use of ICT to support public health and healthcare areas ?

(A) ILO

(B) UNICEF

(C) WHO

(D) None of the above

140. खाद्य एवं कृषि संगठन (एफ.ए.ओ.) की स्थापना हुई थी सन् :

(A) 1944 में (B) 1945 में

(C) 1946 में (D) 1947 में

141. धार्मिक प्रतीकों की गहन प्रेरक शक्ति की व्याख्या के लिए थ्रेशोल्ड सिद्धांत किसने दिया था ?

(A) विक्टर टर्नर (B) क्लीफोर्ड गीर्ट्ज

(C) स्पीरो (D) गिलबर्ट लुईस

142. सामूहिक अनुष्ठानों के प्रतीकात्मक महत्त्व का वर्णन करने के लिए किसने 'अनुष्ठान मूल्य' और 'अनुष्ठान स्थिति' शब्द का प्रयोग किया है ?

(A) रेडक्लिफ ब्राउन (B) दुर्खीम

(C) टायलर (D) मैलिनोवस्की

143. बहुसंस्कृतिवाद क्या है ?

(A) विभिन्न संस्कृतियों के सहअस्तित्व का सिद्धांत

(B) बहुसंख्यक संस्कृति द्वारा अल्पसंख्यक संस्कृति को निगलने का सिद्धांत

(C) अल्पसंख्यक सांस्कृतिक मूल्यों की प्रधानता

(D) नृजातीय केन्द्रीयता

144. शिक्षा का वह प्रकार जो व्यक्तियों को अपने दिन-प्रतिदिन के अनुभवों, संसाधनों और पड़ोस के शैक्षिक प्रभाव से ज्ञान, मूल्यों, कौशल और दृष्टिकोण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है, वह है :

(A) औपचारिक शिक्षा

(B) अनौपचारिक शिक्षा

(C) संस्थागत शिक्षा

(D) प्राथमिक शिक्षा

140. Food and Agriculture Organisation (FAO) was formed in the year :

(A) 1944 (B) 1945

(C) 1946 (D) 1947

141. Who gave the threshold theory to explain the deep motivating power of religious symbols ?

(A) Victor Turner (B) Clifford Geertz

(C) Spiro (D) Gilbert Lewis

142. Who has used the terms 'ritual value' and 'ritual status' to describe the symbolic significance of collective rituals ?

(A) Radcliffe Brown (B) Durkheim

(C) Tylor (D) Malinowski

143. What is Multiculturalism ?

(A) Principle of coexistence of different cultures

(B) Theory of swallowing of minority culture by majority culture

(C) Dominance of minority cultural values

(D) Ethnocentricity

144. The type of education that enables individuals to gain knowledge, values, skills and attitudes from their day-to-day experiences of the neighbourhood is called :

(A) Formal education

(B) Non-formal or informal education

(C) Institutional education

(D) Primary education

145. एक प्रक्रिया जिसके द्वारा धार्मिक प्रतीकों, भाषा, और विचारों को उनके मूल धार्मिक संदर्भ से मीडिया और उपभोक्ता संस्कृति में पुनः पाठ्य-रूपित किया जाता है, उसे कहते हैं :

(A) सात्मीकरण

(B) आधुनिकीकरण

(C) धर्मनिरपेक्षीकरण

(D) धर्म का वस्तुकरण

146. संविधान के किस संशोधन द्वारा 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द को भारतीय संविधान में सम्मिलित किया गया है ?

(A) द्वितीय संविधान संशोधन, 1952

(B) बारहवाँ संविधान संशोधन, 1962

(C) बयालीसवाँ संविधान संशोधन, 1976

(D) बत्तीसवाँ संविधान संशोधन, 1973

147. जेण्डर (लिंग) एवं संस्कृति के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है ?

(A) संस्कृति वयस्क पुरुषों एवं महिलाओं की भूमिका को संचालित/शासित करती है, जो वे स्वीकार करते हैं ।

(B) संस्कृति तथा जेण्डर को अलग करना असंभव है ।

(C) संस्कृति, सामाजिक व्यवहारों में जेण्डर (लिंग) की भिन्नता को बढ़ा सकती है, घटा सकती है और यहाँ तक कि भिन्नता का उन्मूलन भी कर सकती है ।

(D) उपर्युक्त सभी

145. A process by which the recontextualization of religious symbols, language and ideas from their original religious context to the media and consumer culture has been called :

(A) Assimilation

(B) Modernization

(C) Secularization

(D) Commodification of religion

146. By which amendment of the Constitution the term 'secularism' was incorporated in the Indian Constitution ?

(A) 2nd Constitutional Amendment, 1952

(B) 12th Constitutional Amendment, 1962

(C) 42nd Constitutional Amendment, 1976

(D) 32nd Constitutional Amendment, 1973

147. Which of the following statement is *true* about gender and culture ?

(A) Culture governs the roles of adult men and women adopt.

(B) It is impossible to separate culture and gender.

(C) Culture can maximise, minimize and even eliminate gender differences in social behaviour.

(D) All of the above

148. बुद्ध सर्किट में धार्मिक पर्यटन की सही तीर्थ संरचना का चयन कीजिए :

(A) बोधगया, वैशाली, राजगीर, सारनाथ, कुशीनगर और सासाराम

(B) बोधगया, वैशाली, राजगीर, सारनाथ, श्रावस्ती और कुशीनगर

(C) बोधगया, अयोध्या, सारनाथ, मथुरा और उज्जैन

(D) बोधगया, सारनाथ, काशी, मथुरा और रामेश्वरम्

149. निम्नलिखित में से कौनसा एक सिद्धांत मानव संस्कृति के पैटर्न और सामाजिक विकास के लिए पर्यावरण को निर्धारक कारक मानता है ?

(A) पर्यावरणीय निश्चयवाद

(B) पर्यावरणीय संभववाद

(C) सांस्कृतिक क्षेत्रवाद

(D) सांस्कृतिक पारिस्थितिकी

150. निम्नलिखित में से कौनसा कथन नवधार्मिक आंदोलनों के विषय में उपयुक्त **नहीं** है ?

(A) नवधार्मिक आंदोलन लम्बे समय से स्थापित धार्मिक समूहों की तुलना में अधिक विशिष्ट और गूढ़ हैं ।

(B) नवधार्मिक आंदोलन के उदय से धर्म और आध्यात्मिकता का अव्यावसायीकरण हुआ है ।

(C) नवधार्मिक आंदोलन व्यक्ति या समूह की 'पसंद' या 'वरीयता' के विषय हैं ।

(D) नवधार्मिक आंदोलन अक्सर लोगों से अत्यधिक तेजी से आध्यात्मिक गतिशीलता का वादा करते हैं ।

148. Choose the *correct* pilgrimage place of composition of religious tourism in the Buddha Circuit :

(A) Bodhgaya, Vaishali, Rajgir, Sarnath, Kushinagar and Sasaram

(B) Bodhgaya, Vaishali, Rajgir, Sarnath, Shravasti and Kushinagar

(C) Bodhgaya, Ayodhya, Sarnath, Mathura and Ujjain

(D) Bodhgaya, Sarnath, Kashi, Mathura and Rameshwaram

149. Which one of the following theories considers environment as a determining factor for the pattern of human culture and societal development ?

(A) Environmental determinism

(B) Environmental possibilism

(C) Cultural regionalism

(D) Cultural ecology

150. Which one of the following statement is *not* appropriate regarding new religious movements ?

(A) New religious movements are said to be more specialized or estoric than those of longer established religious groups.

(B) Emergence of new religious movements has also led to non-comercialization of religion and spirituality.

(C) New religious movements are a matter of 'choice' or 'preference' of the individual or group.

(D) New religious movements often promise men more rapid spiritual mobility.

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

## रफ़ कार्य के लिए जगह

## (SPACE FOR ROUGH WORK)